प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 26.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रांची में गेल के सीबीजी प्लांट का किया दौरा, मॉक पार्लियामेंट में लिया हिस्सा, आपातकाल से जुड़े कार्यक्रम में भी होंगे शामिल।
- मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आज होगा समापन, मंत्री दीपिका पांडेय लॉन्च करेगी वेबसाइट, रांची समेत विभिन्न जिलों में हुई मैराथन दौड़।
- भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान अनुष्ठान आज, कल निकाली जाएगी भव्य रथ यात्रा, देवघर में श्रावणी मेला को लेकर हुई बिहार–झारखंड अंतर्राज्जीय समन्वय बैठक।
- रांची से रेस्क्यू किए गए बाघ को स्वास्थ्य जांच के बाद पलामू टाइगर रिजर्व एरिया में किया गया मुक्त।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में रूक रूक कर हो रही भारी बारिश, मौसम विभाग ने वज्रपात की दी चेतावनी।

*******************

झारखंड प्रवास के क्रम में केन्द्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह रांची में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने गेल इंडिया लिमिटेड के सीबीजी प्लांट का भी दौरा किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में किए गए कार्यों के बारे में बताया।

श्री सिंह ने पुरानी विधानसभा में मॉक पार्लियामेंट का भी उदघाटन किया। वे आपातकाल से जुड़े कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में उनकी प्रेसवार्ता भी प्रस्तावित है।

*******************

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम आयोजित कर रही है। झारखंड में भी इस सिलसिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रांची में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि संविधान की हत्या के लिए कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

इधर भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा के पास बताने के लिए उनकी अपनी कोई उपलब्धि नहीं है

*******************

आज मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। मादक पदार्थों के खिलाफ राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का आज रांची में समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित समारोह में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल होंगी। इस मौके पर वेबसाइट रेजिस्ट डॉट झारखंड डॉट गॉव डॉट इन लॉन्च किया जाएगा । इधर निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता के लिए कई जिलों में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। राजधानी में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक तक मैराथन दौड़ हुई ।इसमें झारखंड के लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य गीत के माध्यम से लोगों को नशा न करने की अपील की गई। इस दौड़ में काफी संख्या में युवा बारिश के बीच शामिल हुए। सिमडेगा और चतरा जिले में भी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ।

*******************

सीसीएल के खाली पड़े पुराने खदानों में एक नया प्रयोग शुरू किया गया है। सीसीएल के बरका सयाल क्षेत्र सौंदा में सत्तर के दशक के बाद से बंद पड़े खदान में आज मत्स्य पालन किया जा रहा है।

बरका सयाल के जीएम अजय सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 से यहां मछली पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पचास परिवार के तीन सौ लोगों के लिए आय का यह मुख्य साधन बन चुका है। इस साल एक लाख टन से अधिक मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है ।

*******************

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को लेकर एक्सिओम–फोर मिशन आज शाम साढे चार बजे आई.एस.एस. पहुंचेगा। यह 41 वर्ष बाद है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा। शुभांशु शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन भी तत्पर है। इधर आज शाम भगवान जगन्नाथ एकांतवास से बाहर निकलकर भक्तों को दर्शन देंगे। नेत्रदान को लेकर कई अनुष्ठान होंगे । कल रथ यात्रा का आयोजन होगा और भगवान जगन्नाथ अपने भाई–बहन के साथ मौसीबाड़ी प्रस्थान करेंगे।

*******************

विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर देवघर के सर्किट हाउस में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड और बिहार के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और संताल परगना आयुक्त लाल चंद्र डाडेल ने की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तत्परता से श्रावणी मेले की तैयारी में जुटा है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए हर स्तर पर काम तेज किया गया है।

*******************

चार साल बाद समय पर मॉनसून के आने से पलामू जिले के किसान उत्साहित हैं।

*******************

रांची–नगर–निगम ने अपील की है कि जल जमाव की स्थिति में नगर निगम के कनेक्ट सेंटर 1800–570–1235 पर कॉल करके चौबीस घंटे नगर निगम को अपनी समस्या की सूचना दे सकते हैं और सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

*******************

रांची के सिल्ली के मारदू गांव से रेस्क्यू हुए बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में छोड़ दिया गया । बुधवार देर रात पीटीआर उप निदेशक प्रजेश जेन्ना के नेतृत्व में एक्सपर्ट टीम रेस्क्यू किए गए बाघ को रांची से लेकर पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में पहुंची थी, जहां आज चिकित्सकों और विशेषज्ञ टीम ने बाघ की स्वास्थ्य जांच की और फिर पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में घने जंगल में छोड़ दिया

*******************

राज्य में पिछले कई दिनों से मॉनसून की बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान हजारीबाग के हेंदेगीर में सर्वाधिक 79 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भी रूक–रूककर भारी बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने भारी बारिश और मेघगर्जन के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 29 जून तक मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है

*******************